66वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान के दो खिलाड़ियों ने शतरंज में जीते गोल्ड मेडल

चर्चा में क्यों

10 जून, 2023 को 66वें नेशनल स्कूली गेम्स में नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में खेले गए शतरंज के मुकाबलों में राजस्थान के स्कूली शिक्षा विभाग की टीम के दो खिलाड़ी उदयपुर के प्रणय चोरड़िया एवं बीकानेर की युक्ता हिर्ष ने व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में 'नो बैग डे' और 'चैस इन स्कूल'एक्टिविटीज के नवाचार लागू किये गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवंबर, 2022) पर प्रदेशभर में 'चैस इन स्कूल एक्टिविटी'के तहत सरकारी विद्यालयों के 38 लाख 21 हज़ार 9 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया।
- नेशनल स्कूल गेम्स में पहली बार भाग लेने गई प्रदेश की टीम के लिये प्रणय चोरड़िया और युक्ता हिर्ष की शतरंज में स्वर्णिम चालों को इन नवाचारों से जोड़कर देखा जा सकता है।
- प्रणय चोरड़िया ने जहाँ प्रथम बोर्ड पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी छ: राउंड की बाजियों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूरे छ: अंक हासिल किये, वहीं युक्ता हिर्ष ने पाँच बाजियों में से तीन में जीत और दो ड्रा के साथ 4 अंक अर्जित करते हुए व्यक्तिगत स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/in-the-66th-national-school-games,-two-players-from-rajasthan-won-gold-medals-in-chess